SPEED POST

संख्या 47-20/2013/एन.डी.एम-II
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
(आपदा प्रबन्धन विभाग)

O/C

20 AUG 2013
NDCC-II

सी विंग, तीसरी मंजिल
एन.डी.सी.सी.-II, टावर, जय सिंह रोड
नई दिल्ली-110001

दिनांक 26 अगस्त 2013

26 AUG 2013

श्री मुकेश पाठक,
राष्ट्रीय महासचिव,
राष्ट्रीय एकता संघ प्रधान कार्यालय-2609ए,
खंड-3, बल्लभगढ़, फरीदाबाद
हरियाणा-121004

विषय : जन सूचना अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध करवाने के बारे मे ।

कृपया आप आप अपने पत्र दिनांक 17.07.2013 का अवलोकन करें जो कि उपरोक्त विषयक है उस संदर्भ में आपके द्वारा जिन बिन्दुओं पर सूचना मांगी गयी है वह निम्नानुसार है ।

क.स.	बिन्दु	उत्तर
1	वर्ष 2001 से अबतक राज्यों व केन्द्र सरकार के विभागों को कितना बजट आपदा प्रबंधन के लिए दिया गया है ।	केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन प्रभाग के अंतर्गत विगत 5 वर्षों में उपलब्ध किये गये आपदा प्रबंधन बजट से सम्बन्धित जानकारी परिशिष्ट-अ में संलग्न है ।
2	दिये गये को राज्यों व केन्द सरकार के विभागों द्वारा किन किन मदों में खर्च किया गया पूरा विवरण उपलब्ध करावे ।	यह बजट राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, महानिदेशक राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एवं नागरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय अग्निशमन महाविद्यालय, राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा महाविद्यालय एवं आपदा प्रबंधन प्रभाग के प्रशासनिक क्रिया कलापों एवं आपदा संबधी कार्यो में खर्च किया जाता है ।
3	सभी राज्यों/केन्द्र सरकार के पास आपदा प्रबंधन के कौन कौन से उपकरण उपलब्ध है का पूरा विवरण बताया जाए ।	आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा प्रयोग किये गये उपकरणों की जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण / राष्ट्रीय आपदा मोचन बल से ली जा सकती है ।
4	आपदा प्रबंधन के कार्य का अध्यक्ष राज्यों व केन्द्र सरकार कौन होता है तथा उसकी क्या-2 जिम्मेवारी निर्धारित की गई है ।	केन्द्र सरकार में आपदा प्रबंधन का कार्य गृह सचिव तथा संयुक्त सचिव (आ.प्र.) करते हैं ।